



दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ
वर्ष: 28, अंक: 140 पृष्ठ 12, रीवा

सोमवार 09 फरवरी 2026
मूल्य: 3.00 रुपए




## गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार



### -सीएम हिमंता के आरोप- कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध

गुवाहाटी(ईएमएस)। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है।असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब है। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था।

## केंद्र सरकार ने 11 साल बाद बढ़ाई सरकारी वकीलों की फीस, मंत्रालय जारी कर चुका है अधिसूचना

नई दिल्ली,। केंद्र सरकार ने अदालतों में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों को बड़ी राहत देते हुए उनकी फीस में बढ़ोतरी कर दी है। लगभग 11 साल बाद यह संशोधन किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 5 फरवरी को इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है, जिसके तहत विभिन्न श्रेणियों के सरकारी वकीलों को अब पहले की तुलना में काफी अधिक पारिश्रमिक मिलेगा।



अधिसूचना के अनुसार, नियमित अपील और अंतिम सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश होने वाले ए श्रेणी के वकीलों को अब प्रति मामले में प्रति दिन 21,600 रुपये का भुगतान किया जाएगा। वहीं बी और सी श्रेणी के वकीलों को 14,400 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। इससे पहले ए श्रेणी के वकीलों को 13,500 रुपये और बी व सी श्रेणी के वकीलों को 9,000 रुपये प्रति दिन फीस मिलती थी। सरकारी वकीलों की फीस में यह संशोधन अक्टूबर 2015 के बाद पहली बार किया गया है। कानून मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह बढ़ोतरी केवल नियमित अपील और अंतिम सुनवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य प्रकार के मामलों, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के साथ बैठकों (कॉन्फ्रेंस) और सलाह-मशविरा करने की फीस में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा, दिल्ली और राज्यों की राजधानियों में पेश होने वाले वकीलों की फीस में भी बढ़ोतरी की गई है। कानून मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है, कि महंगाई, कानूनी पेशे से जुड़े बढ़ते खर्च और योग्य पेशेवरों को बनाए रखने की जरूरत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अधिकारी के अनुसार, लंबे समय से सरकारी वकीलों की ओर से फीस बढ़ाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

पूर्व केंद्रीय विधि सचिव और वर्तमान में विधि आयोग की सदस्य सचिव अंजू राठी राणा ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि केंद्र सरकार के वकीलों के लिए फीस संशोधन की अधिसूचना अब लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान इस संबंध में निर्णय लिया गया था और यह एक दशक से अधिक समय से लंबित मामला था। उन्होंने कहा कि अदालतों में केंद्र सरकार का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के लिए योग्य और प्रतिभाशाली वकीलों को बनाए रखना जरूरी है,

### धान खरीद घोटाला उजागर होने से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा

मोहाली,पंजाब में धान खरीद को लेकर सामने आए कथित 10,000 करोड़ के घोटाले ने राज्य से लेकर केंद्र तक प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। आरोप है कि 2025-26 के खरीद सीजन के दौरान पंजाब की विभिन्न मंडियों में फर्जी खरीद दिखाकर करीब 6,000 से 10,000 करोड़ तक का खेल हुआ है। मामले की गंभीरता को देखकर केंद्र सरकार ने पंजाब की मान सरकार से पूरे प्रकरण की गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### 180 करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी

अमृतसर। पंजाब के 2 जिलों (अमृतसर और गुरदासपुर) में 180 करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी गई है। इसके साथ ही 5.75 लाख रुपए की ड्रग मनी और 2 पिस्टल, 4 मैगजीन और 60 कारतूस भी मिले हैं। पुलिस को शक है कि यह हेरोइन पाकिस्तान से भेजी गई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने गुरदासपुर में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी भारत में अपने हैंडलरों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे।

### भीमाशंकर मंदिर तीन महीने के लिए दर्शन के लिए बंद, महाशिवरात्रि के दौरान भी मंदिर बंद रहेगा

पुणे, बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, श्री क्षेत्र भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के समग्र विकास के लिए एक व्यापक विकास योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत काम चल रहा है, इसलिए मंदिर को तीन महीने के लिए बंद कर दिया गया है। जिला कलेक्टर जितेंद्र डुडी ने कहा कि श्री क्षेत्र भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर 12 फरवरी से 18 फरवरी तक महाशिवरात्रि के दौरान भी भक्तों के नियमित दर्शन के लिए बंद रहेगा।

### मेडिकल स्टूडेंट ने विमान में यात्री की जान बचाई

मुंबई, कई लोगों को विमान में यात्रा करते समय घबराहट होती है। विमान के आसमान में उड़ने के बाद कुछ गलत होने का ख्याल कई लोगों को डरा देता है। हालांकि, अगर आपके विमान में आर्यन जैसा कोई मेडिकल स्टूडेंट हो, तो आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। गोवा-मुंबई इंडिगो फ्लाइट के दौरान, मुंबई से सटे वसई के डॉ. आर्यन लोलयेकर ने अपनी सूझबूझ से एक साथी यात्री की जान बचाई। पालघर जिले के वेदांत मेडिकल कॉलेज में फाइनल ईयर के स्टूडेंट डॉ. आर्यन ने फ्लाइट में तुरंत इलाज करके अपना फर्ज निभाया। जानकारी के अनुसार 3 फरवरी को, गोवा से मुंबई आने वाली फ्लाइट में एक यात्री को सांस लेने में बहुत ज्यादा दिक्कत होने लगी।

## आस्था, खान-पान अलग हो सकती हैं, लेकिन हम सब एक समाज और देश का हिस्सा- भागवत





### संघ के 100 साल पूरे होने पर मुंबई के कार्यक्रम में पहुंचे बॉलीवुड के भाईजान सलमान

मुंबई,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर मुंबई में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने भी शिरकत की। वे फिल्ममेकर सुभाष घई और गीतकार प्रसून जोशी के साथ वहां पहुंचे और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को सुना। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि भारत में हिंदू ही है और कोई है ही नहीं। किसी खास रस्म या प्रार्थना से जुड़े धर्म को नहीं दिखाता है, न ही यह किसी खास समुदाय का नाम है। उन्होंने कहा कि आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं है और न ही उसे सत्ता या पावर की इच्छा है। संघ राजनीति में सीधे तौर पर शामिल नहीं है, संघ के कुछ लोग राजनीति में सक्रिय हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भागवत ने कहा कि बहुत से लोग कहते हैं कि नरेंद्र भाई आरएसएस के प्रधानमंत्री है। उनकी पॉलिटिकल पार्टी बीजेपी अलग है। उसमें बहुत स्वयंसेवक है, लेकिन संघ की नहीं। संघ के स्वयंसेवक उसमें हैं। भागवत ने कहा कि भारत का बंटवारा धर्म की वजह से हुआ। हमने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। इस्लाम, ईसाई धर्म अभी भी भारत में मौजूद हैं। झड़पें होती हैं, लेकिन देश एकजुट रहता है। हिंदू भाव को भुला देना भी बंटवारे का कारण बना।

संघ देश में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को समर्थन और मजबूती देने पर फोकस करता है। संघ कोई पैरामिलिट्री फोर्स नहीं है। रूट मार्च और स्वयंसेवकों के लाठी अभ्यास के बावजूद संघ को अखाड़ा या सैन्य संगठन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। हिंदुत्व अपनाने से किसी को कुछ भी छोड़ना नहीं पड़ता। न आपकी पूजा-पद्धति बदलती है, न भाषा, न रहन-सहन। हिंदुत्व का मतलब है सुरक्षा और साथ-साथ रहने का भरोसा। यह किसी एक धर्म को थोपने की बात नहीं करता। लोगों की आस्था, खाने-पीने की आदतें और भाषा अलग हो सकती हैं, लेकिन हम सब एक ही समाज, संस्कृति और देश का हिस्सा हैं। इसी सोच को हिंदुत्व कहा जाता है, आप इसे भारतीयता कह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता कहावत सही नहीं है, क्योंकि हम पहले से ही एक हैं।

## सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज



### -गिरफ्तारी के समय सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई थी तीखी नोकझोंक

पटना, बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ बुद्धा कॉलोनी थाना में एक और एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कार्रवाई में रुकावट को लेकर दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात पुलिस सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची थी, लेकिन उस दौरान उन्होंने गिरफ्तारी देने से इनकार कर दिया। इस दौरान सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। हालात बिगड़ते देख सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए बाद में पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। जहां से पीएमसीएच शिफ्ट किया गया था। जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होना है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पप्पू यादव की पटना में आधी रात को हुई गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पूर्णिया में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जाप कार्यकर्ताओं ने शहर में मशाल जुलूस निकाला और पप्पू यादव को अविलम्ब रिहा करने की मांग की। जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू भगत ने कहा कि सरकर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। सांसद पप्पू यादव लगातार सदन में आम जनता की आवाज उठाते हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं, लेकिन सरकार को वह हजम नहीं होता। सांसद पप्पू यादव पूर्णिया के 25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां की जनता इससे बर्दाश्त नहीं करेगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के मामले में कहा कि हर चीज को इतना बढ़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। क्या कोई किसी सांसद को ऐसे ही नहीं गिरफ्तार कर सकता है। यकीनन कहीं ना कहीं कुछ तथ्य सामने आए होंगे।

## 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लांच



नई दिल्ली,। 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लांच कर दी गई है, जो केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी का केंद्र बनेगी। यह कदम पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए उठाया गया है। नई वेबसाइट पर वेतन आयोग से जुड़े सभी अपडेट, नोटिफिकेशन, पिछली वेतन आयोग की रिपोर्ट्स और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए गए है। नई वेबसाइट पर जाकर कर्मचारी और पेंशनभोगी आयोग की गतिविधियों, सिफारिशों और बैठकों के बारे में नियमित जानकारी पा सकते हैं। इसमें वेतन संरचना, पेंशन, भत्ते, इंक्रीमेंट सिस्टम और उच्च अधिकारियों के वेतन जैसे विषय शामिल हैं। साथ ही, मायगव पोर्टल के माध्यम से आयोग ने कर्मचारियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स से राय लेने के लिए 18 सवालों वाली प्रश्नावली जारी की है।

## केवल नीच शब्द कहना एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध नहीं- राजस्थान हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ नीच जैसे सामान्य अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने मात्र से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला नहीं बनता है। न्यायमूर्ति वीरेंद्र कुमार की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह व्यवस्था दी कि एससी/एसटी एक्ट की धाराएं केवल तभी लागू की जा सकती हैं, जब यह पूरी तरह साबित हो जाए कि अपमान विशेष रूप से पीड़ित की जाति को लक्षित करके किया गया था और आरोपी को पीड़ित की जाति की स्पष्ट जानकारी थी।

यह पूरा विवाद वर्ष 2011 का है, जो आईआईटी जोधपुर से जुड़ी एक घटना से संबंधित है। उस समय कुछ सरकारी अधिकारी अतिक्रमण की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे।

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील के खिलाफ किसानों का एलान, 12 फरवरी को देशव्यापी प्रदर्शन

### पीयूष गोयल से इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर देश के प्रमुख किसान संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम), उसके नॉन-पॉलिटिकल धड़े और ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) सहित कई संगठनों ने इस प्रस्तावित ट्रेड डील को भारतीय कृषि और डेयरी सेक्टर के लिए गंभीर खतरा बताया है।



ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस और शनिवार को जारी बयान में एसकेएम नेताओं ने आरोप लगाया कि यह समझौता भारतीय कृषि को अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने आत्मसमर्पण करने जैसा है। उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। किसान संगठनों का कहना है कि सरकार का यह दावा गलत है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाहर रखा गया है। एसकेएम के अनुसार, भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में भारतीय पक्ष द्वारा अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर लगाए गए नॉन-टैरिफ बैरियर्स हटाने पर सहमति जताई गई है, जिससे घरेलू किसानों को भारी नुकसान होगा। ऑल इंडिया किसान सभा के नेता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि इस समझौते के बाद सूखा पशु आहार, रेड सोरघम और सोयाबीन तेल जैसे उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाएगा। उनका आरोप है कि यह डील अमेरिका और यूरोपीय देशों की सुस्त अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए की जा रही है,

## जहां गिरती थी बर्फ वहां जंगल में फैली है आग, 1900 फायर अलर्ट




### -जलवायु परिवर्तन के चलते शीतकालीन बारिश और बर्फबारी में भारी कमी आई

पिथौरागढ़,। उत्तराखंड में जंगल धधकते नजर आए। हालात इतने बिगड़ गए है कि नवंबर से जनवरी के बीच प्रदेश में 1900 से ज्यादा जंगल फॉरेस्ट फायर अलर्ट जारी हुए, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान फूलों की घाटी से लेकर नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान तक जलते दिखे। पिछले दो दशकों में बदले मौसम चक्र ने उत्तराखंड के जंगलों को नई चुनौती में डाल दिया है। शीतकाल में सूखे जैसे हालात, बढ़ता तापमान और मानवीय लापरवाही ने आग की घटनाओं को सामान्य बना दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वन विभाग के लिए यह संकट इसलिए भी गंभीर है क्योंकि पारंपरिक फायर सीजन शुरू होने से पहले ही फायर वॉचर समेत जरूरी संसाधन झोंकने पड़ रहे हैं। वन विभाग का आधिकारिक फायर सीजन 15 फरवरी से 15 जून तक होता है। पहले मार्च-अप्रैल के बाद ही जंगल सुलगते थे, लेकिन अब नवंबर से ही आग बुझाने की नौबत आने लगी है। ज्यादातर आग सड़क किनारे फेंकी गई माचिस, बीड़ी-सिगरेट या जानबूझकर लगाई गई आग से फैलती है। कंट्रोल बर्निंग में वन विभाग पहले ही सूखी घास, पिरूल और पत्तियां जला देता है, ताकि फायर लाइन बन सके और आग आगे न बढ़े।

जलवायु परिवर्तन के चलते शीतकालीन बारिश और बर्फबारी में भारी कमी आई है। 2012, 2016, 2018 और 2021-23 के बाद 2025 के नवंबर-दिसंबर भी पूरी तरह सूखे रहे। नतीजतन, नवंबर 2025 से ही वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गईं। सैटेलाइट जंगल के ऊपर नजर रखते हैं। जहां तापमान अचानक बढ़ा या धुआं दिखा, वहां तुरंत चेतावनी भेजी जाती है ताकि आग फैलने से पहले कार्रवाई हो सके। इस बार आग ने दुर्गम और सुरक्षित क्षेत्रों को भी नहीं बख्शा। जनवरी 2026 में नंदा देवी नेशनल पार्क की फूलों की घाटी और गोविंद घाट रेंज के जंगल करीब एक सप्ताह तक जलते रहे। खड़ी चट्टानें और दुर्गम इलाका होने के कारण वन कर्मियों को आग बुझाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, पिथौरागढ़ के नैनीसैनी और जमतड़ी गांव के जंगलों में आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड और एसएसबी के जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा।

पंचाचूली क्षेत्र कस्तूरी मृग का निवास स्थान है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि जब बर्फबारी न होने से वन्य जीव निचले इलाकों की ओर आते हैं, तो शिकारी उन्हें फंसाने के लिए झाड़ियों में आग लगा देते हैं। पिथौरागढ़ के डीएफओ आशुतोष सिंह का कहना है कि शिकारियों के पुख्ता सबूत तो नहीं मिले हैं, लेकिन रिजर्व फॉरेस्ट में निगरानी बढ़ा दी गई है। वन्य जीव शिकार पर 7 साल तक की सजा का प्रावधान है। पद्मश्री डॉ. शेखर पाठक के मुताबिक समय पर बारिश न होना और बढ़ता तापमान मानव जनित कारणों से भी है। वनों की आग केवल पेड़ों को ही नहीं जलाती, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र और मानव स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रही है। 23-24 जनवरी की बारिश ने कुछ राहत जरूर दी है, लेकिन यदि दोबारा लंबा सूखा पड़ा तो खतरा फिर बढ़ सकता है।

## विजयपुरा में निजी ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, कैप्टन सहित दो पायलट घायल



बेंगलुरु, कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक निजी ट्रेनिंग विमान हादसे का शिकार हो गया। रेड बर्ड एविएशन कंपनी का हल्का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट बाबलेश्वर तालुक के मंगलूर गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान पायलट प्रशिक्षण के लिए उड़ान पर था और कलबुर्गी से बेलगावी की ओर जा रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी आने से पायलट ने नियंत्रण खो दिया और विमान जमीन पर गिर गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विजयपुरा जिले में उड़ान के दौरान विमान के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट विमान पर नियंत्रण नहीं रख सके और वह जमीन पर गिर पड़ा। हादसे के समय विमान में दो लोग सवार थे, जिनमें एक कैप्टन और एक ट्रेनी पायलट शामिल हैं। विमान दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी। बाबलेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। दोनों घायल पायलटों को 108 एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया,

## मझगांव डॉक ने किया 7.50 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड का ऐलान

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय के अधीन नवरत्न कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजों के साथ शेयरधारकों को खुशखबरी दी है। कंपनी के बोर्ड ने 7.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का दूसरा अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। 5 रुपए फेस वैल्यू के आधार पर यह 150 प्रतिशत डिविडेंड बनता है। कंपनी ने बताया कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 13 फरवरी 2026 तय की गई है और पात्र शेयरधारकों को यह राशि 7 मार्च 2026 तक उनके खातों में मिल जाएगी।

## एएआई ने सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ किया समझौता

नई दिल्ली। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने हाल ही में लॉन्च हुई देश की पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ एग्रीमेंट (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत भारत टैक्सी देश के कई एयरपोर्ट्स पर कैब सेवाएं देगी। एएआई के चेयरमैन विपिन कुमार ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस समझौते का मकसद एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को सही किराया, तय दरों और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है। भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित एक ड्राइवर-ओनर्ड सेवा है, जिसमें टैक्सी चालक स्वयं कोऑपरेटिव के सदस्य होते हैं।

## टीवीएस मोटर ने की 5.12 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री

नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में टीवीएस की पकड़ न सिर्फ मजबूत है बल्कि लगातार बढ़ती भी जा रही है। कंपनी के लिए जनवरी 2026 एक ऐतिहासिक महीना साबित हुआ, जिसमें कंपनी ने 5.12 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री के साथ करीब 29 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। घरेलू बिक्री के साथ निर्यात कारोबार ने भी इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया। जनवरी 2026 में टीवीएस ने दोपहिया सेगमेंट में लगभग 4.94 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो सालाना आधार पर करीब 28 प्रतिशत अधिक है।

## टाटा मोटर्स अगले हफ्तों में बढ़ा सकती है वाहनों की कीमतें

नई दिल्ली । टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा है कि कंपनी अपने वाहनों की कीमतें आने वाले हफ्तों में बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक साल से जिंसों और अन्य कीमती धातुओं की बढ़ती लागत कंपनी पर दबाव बना रही है। अधिकारी के अनुसार इस लागत वृद्धि का असर टीएमपीवीएल के राजस्व में लगभग दो प्रतिशत से अधिक देखने को मिला है। इस बीच मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है।

# भारत-यूएस समझौते के बाद रूस से तेल आयात में कटौती की संभावना

### - समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे घटा सकता है रूस से कच्चे तेल की खरीद



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क हटाने का कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके पीछे भारत की रूस से तेल आयात कम करने की प्रतिबद्धता मुख्य कारण मानी जा रही है। इस समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे रूस से कच्चे तेल की खरीद घटाएगा, जिससे अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ तालमेल बैठ सके। सूत्रों के अनुसार अधिकांश भारतीय तेल शोधनशालाएं जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स रूस से तेल की नई खरीद धीरे-धीरे रोकेंगी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले कुछ हफ्तों में अपनी रूस से खरीदी गई खेप पूरी करने के बाद आयात बंद कर सकती है। नायरा एनर्जी की स्थिति अलग है। रोसनेफ्ट में उसकी 49.13 फीसदी हिस्सेदारी और यूरोपीय एवं ब्रिटिश प्रतिबंधों के कारण कंपनी के पास अन्य विकल्प सीमित हैं। इसलिए नायरा रूस से तेल की खरीद जारी रख सकती है और उसे संभावित छूट भी मिल सकती है। दिसंबर 2025 में भारत का रूस से आयात औसतन 12 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो जनवरी 2026 में घटकर 11 लाख बैरल हो गया। आने वाले महीनों में यह 10 लाख बैरल से नीचे जाने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के साथ समझौते के बाद यह आयात और घटकर लगभग आधा हो सकता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात के जरिए पूरा करता है। रूस के अलावा अमेरिका और वेनेजुएला जैसे देश विकल्प के रूप में मौजूद हैं, जिससे भविष्य में तेल आपूर्ति स्थिर बनाए रखना संभव होगा।

## एफपीआई ने इस सप्ताह ?किया 8,100 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) फरवरी के पहले सप्ताह में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार छह फरवरी तक एफपीआई ने भारतीय इक्विटी में 8,129 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह निवेश लगातार तीन महीनों की भारी निकासी के बाद आया है। एफपीआई ने नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे। 2025 में 1.66 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी।

# इस सप्ताह शेयर बाजार की निगाहें मुद्रास्फीति और तिमाही नतीजों पर रहेगी

### - भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा




नई दिल्ली। विश्लेषकों का मानना है कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। 12 फरवरी को खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने वाले हैं, जो बाजार को महंगाई और आरबीआई की मौद्रिक नीतियों के बारे में संकेत देंगे। इसके एक दिन बाद 13 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े जारी होंगे, जो विदेशी निवेशकों के रुझान और रुपये की स्थिति पर असर डाल सकते हैं।

इस सप्ताह कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के परिणाम निवेशकों की रुचि का केंद्र होंगे। बाजार के जानकारों के अनुसार, इन नतीजों से न केवल इन कंपनियों के शेयर बल्कि व्यापक बाजार पर भी असर दिखाई देगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और नैस्डैक कंपोजिट के हालिया प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।

इसके साथ ही, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस (कमोडिटी) बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा। भारत और अमेरिका ने हाल ही में एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी होगी। यह कदम द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही बाजार में सकारात्मक संकेत दे सकता है। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। बाजार ?विशेषज्ञ कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर चुका है। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय और वास्तविक खर्च पर केंद्रित है।

# स्कूटर एक्सेस 125 का अपडेटेड वर्जन लॉन्च



नईदिल्ली। दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्कूटर एक्सेस 125 का अपडेटेड वर्जन लॉन्च किया है। इस नए वर्जन में अब सिंगल-चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) शामिल किया गया है। कंपनी का कहना है कि यह सिस्टम स्कूटर के एक्सेलरेशन, फ्यूल एफिशिएंसी और कम्फर्ट पर कोई असर नहीं डालता, इसलिए राइडिंग कैरेक्टर पहले जैसा ही रहता है। यह फीचर अचानक ब्रेक लगाने पर ब्रेक प्रेशर को नियंत्रित करता है और पहिए को लॉक होने से रोकता है, जिससे फिसलन भरी या खराब सड़कों पर राइडिंग ज्यादा सुरक्षित हो जाती है।

नया एक्सेस 125 एबीएस दो वैरिएंट में उपलब्ध कराया गया है। इसमें 24.4-लीटर का अंडर-सीट स्टोरेज, फ्रंट ग्लव बॉक्स, एक्सटर्नल फ्यूल लिड और 773 एमएमकी सीट हाइट दी गई है। स्कूटर का कर्ब वेट 105 किलोग्राम है। ब्लूटूथ-इनेबल्ड टीएफटी स्क्रीन, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन और एलईडी हेडलैंप जैसे फीचर्स इसे और प्रीमियम बनाते हैं। एक्सेस 125 का मुकाबला सीधे तौर पर होंडा एक्टिवा और टीवीएस जुपिटर जैसे मॉडल से होता है। मैकेनिकल तौर पर स्कूटर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें पहले की तरह 124 सीसी का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 8.7 पीएस की पावर और 10 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से जुड़ा है। फ्रंट में टेलिस्कोपिक सस्पेंशन और रियर में स्विंगआर्म यूनिट दिया गया है, जबकि स्कूटर 12-इंच फ्रंट और 10-इंच रियर एलॉय व्हील्स पर चलता है। कीमत की बात करें तो एक्सेस राइड कनेक्ट एबीएस एडिशन की एक्स-शोरूम कीमत 92,328 रुपए रखी गई है, जो पांच रंगों में उपलब्ध है। वहीं राइड कनेक्ट टीएफटी एबीएस एडिशन की कीमत 98,378 रुपए है और यह भी पांच कलर ऑप्शन में आता है।

# मारुति सुजुकी की जनवरी 2026 में भी बादशाहत कायम



नई दिल्ली। भारतीय उपभोक्ताओं का भरोसा एक बार फिर ऑटो सेक्टर में मजबूत बना हुआ है और नई कारों की मांग लगातार बढ़ रही है। मारुति सुजुकी ने जनवरी 2026 में भी अपनी बादशाहत कायम रखी। हालांकि कंपनी की सालाना ग्रोथ मामूली रही, लेकिन बड़े ग्राहक आधार, विशाल डीलर नेटवर्क और भरोसेमंद मॉडल्स ने इसे शीर्ष स्थान पर बनाए रखा।

घरेलू बिक्री के साथ एक्सपोर्ट में भी स्थिर प्रदर्शन ने कंपनी की पकड़ और मजबूत कर दी। इस महीने का सबसे बड़ा आकर्षण टाटा मोटर्स रहा, जिसने शानदार बिक्री वृद्धि के दम पर नंबर-2 की स्थिति हासिल कर ली। टाटा के लोकप्रिय मॉडल नेक्सन, पंच, टियागो और हैरियर लगातार मांग में रहे। बेहतर सेफ्टी रेटिंग और दमदार एसयूवी पोर्टफोलियो कंपनी को उल्लेखनीय बढ़त दिलाने में सफल रहा। महिंद्रा ने भी एसयूवी सेगमेंट में अपनी पकड़ को कायम रखते हुए जनवरी में मजबूत बिक्री दर्ज की। स्कॉर्पियो, थार, एक्सयूवी700 और बोलेरो जैसे मॉडलों ने ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे महिंद्रा टॉप ब्रांड्स की सूची में मजबूती से टिकी रही।

हुंडई जनवरी 2026 में चौथे नंबर पर रही। क्रेटा, वेन्यू और एक्सटर की अच्छी मांग के बावजूद कंपनी की ग्रोथ टाटा और महिंद्रा से पीछे रही। इसके बावजूद ब्रांड की विश्वसनीय छवि और संतुलित प्रोडक्ट लाइनअप ने उसे टॉप-5 में बनाए रखा। टोयोटा ने भी जनवरी महीने में स्थिर प्रदर्शन करते हुए टॉप-10 की सूची में अपनी जगह बरकरार रखी। इनोवा और अर्बन क्रूजर जैसे लोकप्रिय मॉडलों ने टोयोटा की विश्वसनीयता और हाइब्रिड तकनीक पर केंद्रित छवि को और मजबूत किया। कुल मिलाकर जनवरी 2026 के आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि एसयूवी सेगमेंट ही भारत के कार बाजार का मुख्य ड्राइविंग फोर्स बन चुका है।

# स्कॉर्पियो पिकअप मॉडल के 35 हजार वाहन सप्लाई का मिला आर्डर



नई दिल्ली। इंडोनेशिया की सरकारी कंपनी एग्रीनास पंगन नुसंतारा से महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एम एंड एम) को अपने स्कॉर्पियो पिकअप मॉडल के 35,000 वाहन सप्लाई करने का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। महिंद्रा ने जानकारी कि ये वाहन साल 2026 में इंडोनेशिया में चल रही एक संयुक्त परियोजना के तहत भेजे जाएंगे। यह परियोजना कोपेरासी देसा/केलुराहन मेराह पुतिह (केडीकेएमपी) के लिए चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सहकारी समितियों की लॉजिस्टिक्स प्रणाली को मजबूत बनाना है।

कंपनी के अनुसार यह ऑर्डर उसके वित्त वर्ष 2025 में दर्ज किए गए कुल निर्यात वॉल्यूम से भी अधिक है, जो कंपनी के अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस साझेदारी के तहत महिंद्रा और एग्रीनास पंगन नुसंतारा मिलकर कोपेरासी नेटवर्क को स्कॉर्पियो पिकअप उपलब्ध कराएंगे ताकि किसानों से सीधे बाजार तक वस्तुओं की सप्लाई सुचारू, तेज और प्रभावी ढंग से हो सके। इससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच की दूरी कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा कि यह वॉल्यूम कंपनी के निर्यात कारोबार में बड़ी बढ़ोतरी लाएगा और ग्रामीण लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन वाहनों का उपयोग फर्स्ट-माइल एग्रीगेशन यानी खेतों से सहकारी समितियों तक सामान पहुंचाने और गांवों के भीतर परिवहन को मजबूत करने में किया जाएगा। कंपनी का मानना है कि स्कॉर्पियो पिकअप एक विश्वसनीय नेटवर्क तैयार करेगा, जो किसानों को बड़ी मदद देगा। महिंद्रा ने बताया कि नासिक प्लांट में तैयार किए जा रहे स्कॉर्पियो पिकअप को इंडोनेशिया की ग्रामीण जरूरतों के अनुसार डिजाइन किया गया है। यह वाहन खराब रास्तों, खेतों के मार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से चल सकता है।

# तेल-तिलहन बाजार में कारोबारियों की धारणा बिगड़ी, दाम में गिरावट

### - बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे





नई दिल्ली। बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में सामान्य उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सप्ताहांत में अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते की खबर और सोयाबीन तेल के शुल्क मुक्त आयात की अफवाह फैलने से कारोबारी धारणा कमजोर हुई। इस वजह से अधिकांश तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। अच्छी गुणवत्ता वाले मूंगफली तेल और साबुत मूंगफली की बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे। नई फसल आने और अफवाहों के चलते दामों पर दबाव बढ़ा। महाराष्ट्र में सोयाबीन का दाम 6,200 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 5,850 रुपये प्रति क्विंटल और मंडियों में हाजिर भाव 5,750-5,800 रुपये प्र?ति क्विंटल से गिरकर 5,300-5,400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। मध्य प्रदेश में दाम एमएसपी से नीचे चले गए। जाड़े की कमजोर मांग और धारणा प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल के दाम भी नीचे आए। आगे का रुख मलेशिया एक्सचेंज के खुलने के बाद स्पष्ट होगा। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,950-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 550 रुपये की गिरावट के साथ 14,250 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमश- 125-125 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 5,600-5,650 रुपये और 5,200-5,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों और तरल माल में तोड़ा रिकॉर्ड

### - रो-रो टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए



नई दिल्ली। गुजरात स्थित अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों के निर्यात में अब तक का सर्वोच्च मासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। बंदरगाह के अदाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए। यह आंकड़ा मई 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। पोर्ट अधिकारियों के अनुसार, मारुति सुजुकी और टोयोटा जैसे वाहन निर्माताओं ने अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी देशों के लिए निर्यात में वृद्धि की। इस दौरान एक ही जहाज पर 5,701 वाहनों को लोड किया गया, जो किसी भी पोत पर अब तक की सबसे बड़ी लोडिंग है। अदाणी मुंद्रा का लिक्विड टर्मिनल जनवरी में 11.20 लाख टन तरल माल संभालने में सफल रहा, जो इसका अब तक का सबसे अधिक मासिक रिकॉर्ड है। यह पिछले उच्च स्तर (दिसंबर 2025) से भी अधिक है। इस तरल माल में ऊर्जा उत्पाद, रसायन और औद्योगिक तरल पदार्थ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह आंकड़ा मुंद्रा की बहु-श्रेणी कार्गो प्रबंधन क्षमता को स्पष्ट करता है। ये उपलब्धियां भारत में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की वैश्विक व्यापार और निर्यात प्रवाह में बढ़ती भूमिका को दर्शाती हैं। वाहनों और तरल माल दोनों क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन न केवल निर्यातकों के लिए अवसर बढ़ाता है, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को भी मजबूत करता है। अदाणी मुंद्रा पोर्ट दिखाते हैं कि देश के बंदरगाह अब उच्च मात्रा में माल को तेजी से संभालने और वैश्विक मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.55 लाख करोड़ बढ़ा

### - बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज नंबर वन रही



नई दिल्ली। बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी देखी गई जिससे निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल बना। इस तेजी के पीछे बड़ी कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन को मुख्य कारण माना जा रहा है। शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा।

इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। लाभ में रहने वाली इन आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4,55,336.36 करोड़ रुपये बढ़ा।इस सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,41,887.97 करोड़ रुपये बढ़कर 19,63,358.79 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा एलआईसी का मूल्यांकन 64,926.1 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल 52,516.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 52,476.97 करोड़ रुपये बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, इस तेजी के बावजूद टीसीएस और इंफोसिस के शेयर पीछे रहे। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 88,172.8 करोड़ रुपये घटकर 10,64,242.35 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 63,462.66 करोड़ रुपये घटकर 6,26,067.95 करोड़ रुपये रह गया।

# अगले हते स्टॉक स्प्लिट, बोनस और डिविडेंड से बाजार में बढ़ेगी हलचल

### - कॉरपोरेट एक्शन के चलते निवेशकों की नजर बाजार पर




नई दिल्ली। आने वाला हफ्ता शेयर बाजार के लिहाज से खास रहने वाला है। बाजार भले ही रोजाना उतार-चढ़ाव से गुजरता हो, लेकिन कुछ हफ्ते ऐसे होते हैं जब एक साथ कई बड़ी वजहें निवेशकों का ध्यान खींचती हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बनता दिख रहा है। स्टॉक स्प्लिट, बोनस इश्यू और डिविडेंड जैसे कॉरपोरेट एक्शन बाजार में नई हलचल पैदा कर सकते हैं।

ऐसे में यह हफ्ता न सिर्फ ट्रेडर्स बल्कि लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगले हफ्ते शेयर बाजार में डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड निवेशकों के रडार पर रहेगी। कंपनी ने अपने शेयर के स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी के स्टॉक स्प्लिट की एक्स-डेट 13 फरवरी 2026 तय की गई है, जबकि रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 रखी गई है। इस स्प्लिट के तहत कंपनी अपने शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटाकर 2 रुपये करने जा रही है।

माना जा रहा है कि इससे शेयर की लिक्विडिटी बढ़ सकती है। अगले हफ्ते दो कंपनियां अपने शेयरधारकों को बोनस इश्यू देने जा रही हैं। पहली कंपनी एक्सिटा कॉटन लिमिटेड है, जिसने 1=10 के अनुपात में बोनस इश्यू घोषित किया है। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट दोनों 13 फरवरी 2026 तय किया गया है। वहीं दूसरी कंपनी डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड है, जो 2=1 के अनुपात में बोनस शेयर देगी। इसका एक्स-डेट 13 फरवरी और रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 है। इसके अलावा अगले हफ्ते 50 से अधिक कंपनियां अपने निवेशकों को डिविडेंड देने जा रही हैं। इस लिस्ट में फार्मा, ऑटो, इंफ्रा, पीएसयू, एफएमसीजी, लॉजिस्टिक्स और टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां शामिल हैं।

## आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिले अमेरिकी राजदूत गोर

मुंबई। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि क्रिकेट के विकास को लेकर उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह से मुलाकात सफल रही है। गोर ने भारत और अमेरिका के बीच हुए पहले मैच के दौरान वानखेड़े स्टेडियम में जय शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया में लिखा, टी20 विश्व कप में मुझे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलकर खुशी हुई है। हमने बातचीत में क्रिकेट के तेजी से विकास पर बात की। गोर ने इस दौरान रिलायंस समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी से भी मुलाकात की।

## भारतीय टीम ग्रुप ए में पहले, वहीं पाक दूसरे नंबर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप के पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ 29 रनों से मिली जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। वहीं पाकिस्तान टीम को अपने पहले ही मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत मिली। फहीम अशरफ की पारी से टीम हालांकि अंतिम ओवर में तीन विकेट से जीती। इस जीत के साथ पाकिस्तान के ग्रुप ए में दो अंक हो गए हैं। टीम का नेट रन रेट प्लस 0.240 है। वहीं भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की 84 रनों की शानदार पारी के बाद कसी हुई गेंदबाजों की सहायता से विश्वप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया।

## सूर्यकुमार विश्वकप में तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हुए

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्वकप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ खेली अपनी 84 रनों की नाबाद पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार ने 84 रनों की अपनी इस पारी के साथ टी20 विश्वकप कप में अपने 500 रन पूरे किये हैं। अब उनके नाम इस आईसीसी टूर्नामेंट में 18 पारियों में 564 रन हो गए हैं। इसके साथ ही सूर्यकुमार तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गये हैं।

## बुमराह और अभिषेक बीमार हुए, सुंदर नाबीमिया के खिलाफ वापसी करेंगे : सूर्यकुमार

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी बीमार हो गये हैं। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले से ही बीमार हैं। ऐसे में अभिषेक के बीमार होने से टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम के लिए हालांकि राहत की बात ये है कि स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर फिट हो गये हैं। बुमराह बीमार होने के कारण पहले टी20 में नहीं उतरे थे।

# सिफर्ट के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया




चेन्नई। टिम सिफर्ट के शानदार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट ग्रुप-डी पहले ही मैच में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 182 रन बनाये थे। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम को जीत के लिए खास संघर्ष करना पड़ा। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में मुजीब उर रहमान ने फिन ऐलन को 1 और रचिन रविंद्र को खाता खोले बिन ही लगातार गेंदों पर आउट कर टीम को दबाव में ल दिया। इसके सिफर्ट और फिलिप्स के बीच तीसर विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी से टीम संभली। इन दोनों ने दबाव में भी आक्रामक रुख अपनाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मैच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शुरुआत में ही दो विके खो दिये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 रन बनाये पर वह इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन की धीमी गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसी ओवर में फर्ग्युसन ने इब्राहिम जादरान को अंतिम गेंद पर आउट कर दिया। जादरान ने 10 रन बनाये थे। इसके बाद गुलबदिन नायब ने 63 रन और सेदिकुल्लाह अटल ने 29 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। गुलबदिन ने 29 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। अंतिम ओवरों में गुलबदिन ने 17 गेंदों में 33 रन बनाकर स्कोर को 150 के ऊपर पहुंचाया। बाद अजमतुल्लाह उमरजई ने 14 रन बनाकर फगानिस्तान को 180 रनों के उपर पहुंचाया।न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने 40 रन देकर 2 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट जबकि मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविंद्र को एक-एक विकेट मिला।

# फहीम अशरफ बने टी20 विश्व कप 2026 के पहले प्लेयर ऑफ द मैच



नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को तीन विकेट से हराकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की। यह जीत हालांकि पाकिस्तान के लिए आसान नहीं थी। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने शुरुआत अच्छी की और दस ओवर में दो विकेट पर 90 रन बना लिए थे, लेकिन मध्यक्रम के लगातार विफल होने से मैच बेहद रोमांचक हो गया। 16.1 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 114 रन था और उसे जीत के लिए 34 रन चाहिए थे। मैदान पर संकट की इस घड़ी में फहीम अशरफ ने एक बार फिर साबित किया कि वे बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं। 11 गेंदों पर नाबाद 29 रन की उनकी आतिशी पारी ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। 19वें ओवर में लोगान वान बीक की गेंद पर उन्होंने तीन लंबे छक्के और एक चौका लगाकर 24 रन बटोरे, जिससे मैच पूरी तरह पाकिस्तान की ओर झुक गया। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर मारा गया फहीम का चौका पाकिस्तान को तीन गेंद शेष रहते जीत दिला गया। उनकी इसी दमदार पारी के लिए उन्हें टी20 विश्व कप 2026 का पहला प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

फहीम को 19वें ओवर में बड़ा जीवनदान भी मिला, जब ओडाउड ने उनका कैच तब छोड़ा जब वे केवल सात रन पर थे। यह गलती नीदरलैंड को मैच गंवाने की सबसे बड़ी वजह साबित हुई। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद पर 47 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और 18 गेंद पर केवल 15 रन बनाकर आउट हो गए।

नीदरलैंड की ओर से पॉल वान मीकेरेन ने शानदार गेंदबाजी की और फरहान व उस्मान खान को एक ही ओवर में आउट किया। अगली ही ओवर में बाबर का विकेट गिरा और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ती गईं। आखिरी पांच ओवर में 37 रन और सात विकेट गिर चुके थे, लेकिन फहीम अशरफ ने दबाव झेलते हुए टीम को जीत की राह पर लौटा दिया।

# सूर्यकुमार ने अमेरिक के खिलाफ मैच में सफलता का श्रेय गंभीर को दिया



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम को अंडर-19 विश्वकप के पहले ही मुकाबले में कप्तानी पारी खेलकर जीत दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव ने इसका श्रेय कोच गौतम गंभीर की एक सलाह को दिया है। सूर्या ने कहा कि एक समय जब आधी टीम 77 रनों पर पेवेलियन लौट गयी थी तब उनपर काफी अधिक दबाव था पर ब्रेक के दौरान कोच कोच ने उनसे अंत तक टिके रहने को कहा था। कोच का मानना था कि अगर वह अंत तक खेलेंगे तो रन बन जाएंगे। सूर्यकुमार ने इस मैच में 49 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर नाबाद 84 रन बनाए। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाकर 29 रन से जीत हासिल की। सूर्यकुमार ने बताया कि गंभीर ने उनसे कहा था कि वह अंत तक तक बल्लेबाजी करें क्योंकि वह जमने के बाद बड़े शॉट लगा सकते हैं।सूर्यकुमार ने कहा, मुझे बल्लेबाज के समय अंदाजा हो गय था कि इस विकेट पर 140 रन ही काफी हैं। मुझे इस प्रकार के विकेटों पर खेलने आ अनुभव है। इसलिए मेरा मानना था कि मैं यहां बड़ी पारी खेल सकता हूं। सूर्यकुमार छठे ओवर में बल्लेबाजी करने आए थे और शुरुआत में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी करते हुए केवल 7 रन बनाये।

बाद में उन्होंने तेजी से खेलते हुए कमी पूरी कर दी। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। अंतिम ओवर में उन्हों चौके, छक्के लगाकर टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचा दिया।

# आईसीसी ने भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर अड़े पीसीबी को फटकार लगायी

## 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान के तहत नहीं खेलने के कारण बताने कहा

ICC

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्वकप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के बहिष्कार की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीसी) की घोष्णा पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि उसने 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान के तहत मैच के बहिष्कार करने का जो फैसला लिया है वह किन आधारों पर लिया है, ये उसे बताना होगा।

वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी ने कहा थ कि पाकिस्तान सरकार के निर्देशों के कारण वह मैच नहीं खेल सकती। वहीं आईसीसी ने अभी तक इस मामले में उम्मीद नहीं छोड़ी है। दोनो के बीच अभी बातचीत जारी है जिससे इस मामले का हल निकल सकता है। आईसीसी भी इस मामले को बातचीत से सुलझान चाहती है। पाक बोर्ड जिस फोर्स मेज्योर प्रावधान के तरत मैच नहीं खेलने की बात कर रहा। वह अब अमल में आता है जब अप्रत्याशित हालात होते है। तब वह सरकार के आदेश का हवाला देकर फोर्स मेज्योर प्रावधान के तहत खेलने से मना कर सकता है। आईसीसी के के मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट (एमपीए) के अनुसार, यदि कोई बोर्ड फोर्स मेज्योर क्लाज का हवाला देता है, तो उसे यह भी साबित करना होता है कि उसने स्थिति को संभालने के लिए क्या प्रयास किए। आईसीससी ने पाक बोर्ड से ये भी पूछा है किउसने मैच आयोजित करने के लिए कौन-कौन से वैकल्पिक उपाय अपनाए, साथ ही सबूत भी मांगे हैं। आईसीसी ने पीसीबी को चेताय है कि यदि यह मैच नहीं होता है, तो इससे खेल, को व्यवसाहिक और गवर्नेंस स्तर पर गंभीर नुकसान हो सकता है। हालांकि आईसीसी ने साफ किया है कि वह टकराव नहीं चाहता, लेकिन उसके संविधान के तहत गंभीर उल्लंघन की स्थिति में किसी सदस्य को निलंबित या बाहर करने का अधिकार उसके पास है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत-पाक मैच के बहिष्कार की घोषणा करते हुए कहा कि वह ये फैसला बांग्लादेश बोर्ड के समर्थन के लिए किया है। इससे पहले आईसीसी ने भारत में खेलने से इंकार करने के लिए । बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। पीसीबी का मानना है कि उसका कानूनी पक्ष मजबूत है। उसने साल 2014 के विवाद को उदाहरण के तौर पर पेश किया है, जिसमें भारत सरकार की अनुमति न मिलने के कारण द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो पाई थी।

# टी20 वर्ल्ड कप विवाद- श्रीलंका के अनुरोध पर भारत से मैच बहिष्कार पर पुनर्विचार करेगा पाकिस्तान




कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने संकेत दिया है कि वह टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर पुनर्विचार करने के लिए अपनी सरकार से बातचीत करेगा। यह कदम श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के उस औपचारिक अनुरोध के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान से कहा है कि भारत से मैच न खेलने के फैसले से सह-मेजबान होने के नाते उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप में भाग लेने की मंजूरी तो दे दी है, लेकिन साथ ही निर्देश दिया है कि टीम भारत के खिलाफ मुकाबले में हिस्सा नहीं लेगी। भारतङ्मपाक मैच आईसीसी के लिए सबसे अधिक राजस्व देने वाला मुकाबला माना जाता है, जो प्रसारकों और आयोजकों के लिए भी बड़े आर्थिक लाभ का स्रोत होता है। पाकिस्तान के इस फैसले ने न सिर्फ टूर्नामेंट की वाणिज्यिक संभावनाओं पर असर डाला है, बल्कि क्रिकेट जगत में भी चिंता बढ़ा दी है। श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को ईमेल भेजकर साफ कहा है कि भारत-पाक मैच रद्द होने से उन्हें टिकट बिक्री, प्रसारण अधिकार और आतिथ्य सेवाओं से मिलने वाला बड़ा राजस्व नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा टूर्नामेंट की छवि को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को दुनिया भर में करोड़ों दर्शक देखते हैं। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह-मेजबान है और पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो और पाल्लेकल में खेल रहा है, ऐसे में यह निर्णय मेजबान बोर्ड के लिए और भी चुनौतीपूर्ण बन गया है।

पीसीबी से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान और श्रीलंका के क्रिकेट और सरकारी स्तर पर हमेशा सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं, इसलिए श्रीलंका क्रिकेट के इस अनुरोध को अनदेखा करना मुश्किल है। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने पीसीबी प्रमुख मोहसिन नक़वी से सीधे संपर्क करके स्थिति की गंभीरता बताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में श्रीलंका को पाकिस्तान के समर्थन की आवश्यकता है।

# अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना विश्व कप जीतने से भी बड़ा सपना : राशिद खान



नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भले ही दुनिया भर में क्रिकेट खेलकर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हों, लेकिन अपने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका सपना आज भी अधूरा है। युद्ध और अस्थिरता से प्रभावित अफगानिस्तान में अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आयोजित नहीं हो सका है।

हालात इतने चुनौतीपूर्ण रहे कि टीम को अपने घरेलू मैच विदेशों में खेलने पड़ते हैं। भारत के ग्रेटर नोएडा, देहरादून और लखनऊ से लेकर यूएई के शारजाह और अबूधाबी तक, कई शहर लंबे समय तक अफगानिस्तान टीम के 'घरेलू मैदान' बने रहे। इसके बावजूद राशिद अपने इस सपने को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 मैच से पहले राशिद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, +ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है। अगर हम अफगानिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल पाते हैं, तो दुनिया देखेगी कि वहां लोग खिलाड़ियों का कितना सम्मान करते हैं और क्रिकेट का कितना आनंद लेते हैं। अपने देश में खेलना किसी सपने से बढ़कर है। राशिद ने बताया कि दुनिया के हर कोने में, खासकर आईपीएल के दौरान, उन्हें अपार प्यार मिलता है, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अनुभव अद्वितीय होगा। उन्होंने कहा, +भारत में आईपीएल या अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हमें हमेशा लगा कि लोग अपने सितारों को कितना प्यार देते हैं। हमें भी ढेर सारा स्नेह मिला है, खासकर 2023 विश्व कप में। लेकिन अफगानिस्तान में खेलना एक अलग एहसास देगा। तब दुनिया हमारे देश की खूबसूरती भी देखेगी। राशिद को उम्मीद है कि एक दिन ऐसा माहौल जरूर बनेगा, जब कोई अंतरराष्ट्रीय टीम अफगानिस्तान में सीरीज खेलने पहुंचेगी।राशिद ने अफगानिस्तान की घरेलू क्रिकेट संरचना की कमजोरियों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि देश में छोटे प्रारूप के पर्याप्त मैच न होने की वजह से सीमित ओवरों की टीम चुनना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, अगर बल्लेबाजी में भी गेंदबाजी की तरह प्रतिस्पर्धा हो जाए, तो हम नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकते हैं। असली प्रतिभा घरेलू क्रिकेट से ही निकलती है।

अंत में, राशिद ने अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते देखने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि किसी भी मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात होती है।

# आखिरी ओवर में मिली जीत पर फहीम अशरफ का बड़ा बयान, कहा - हम ऐसे हालात के आदी हैं




नई दिल्ली। पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में नीदरलैंड को आखिरी ओवर में हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के नायक बने हरफनमौला खिलाड़ी फहीम अशरफ, जिन्होंने 11 गेंदों में नाबाद 29 रन जड़कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। खासतौर पर 19वें ओवर में फहीम द्वारा लगाए गए तीन छक्कों और एक चौके ने मैच की दिशा ही बदल दी।

उस ओवर में कुल 24 रन आए जिसने पाकिस्तान की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में फहीम ने कहा कि वे ऐसी परिस्थितियों के आदी हो चुके हैं। उन्होंने बताया, +हम पिछले एक साल से इसी तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल की धड़कन ऊपर-नीचे होती रहती है, लेकिन हमें भरोसा रहता है कि एक ओवर में जितने भी रन चाहिए हों, बना सकते हैं। फहीम ने यह भी बताया कि वह और शाहीन शाह अफरीदी विकेट बचाकर अंत तक खेलने की रणनीति पर टिके थे। दोनों ने आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 34 रनों की नाबाद साझेदारी की।148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान एक समय मजबूत स्थिति में था, जब 10 ओवर में टीम ने दो विकेट पर 90 रन बना लिए थे। लेकिन इसके बाद विकेटों का लगातार गिरना शुरू हुआ और 16.1 ओवर तक स्कोर सात विकेट पर 114 रन हो गया। टीम को आखिरी दो ओवर में 29 रन चाहिए थे, जिसे फहीम ने अपनी विस्फोटक बैटिंग से आसान बना दिया। कप्तान सलमान आगा ने स्वीकार किया कि टीम ने यह मैच कठिन तरीके से जीता। उन्होंने कहा, +हमें यह मैच मुश्किल तरीके से जीतना पड़ा, लेकिन फहीम को पूरा श्रेय जाता है। हमें पता था कि विपक्षी टीम दबाव बनाएगी।+ वहीं नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा कि उनकी टीम ने जज्बे के साथ खेला, लेकिन अहम मौकों पर चूक गई।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली हैट्रिक रोमारियो शेपर्ड के नाम



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेपर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इतिहास रचते हुए टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक अपने नाम कर ली। शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में शेपर्ड ने 17वें ओवर में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनके इस शानदार स्पेल ने स्कॉटलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखेर दी और वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

रोमारियो शेपर्ड ने बतौर ऑलराउंडर मैच में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए न सिर्फ हैट्रिक ली, बल्कि कुल 5 विकेट झटके। 17वें ओवर में उन्होंने तीन लगातार गेंदों पर मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन को पवेलियन भेजकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खास बात यह रही कि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर भी उन्होंने एक और विकेट लेकर स्कॉटलैंड पर दबाव को कई गुना बढ़ा दिया।

उनके इस स्पेल ने मुकाबले का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया, क्योंकि स्कॉटलैंड की टीम लगातार विकेट गंवाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ ही नहीं पाई। शेपर्ड की गेंदबाजी की लाइन और लेंथ इतनी सटीक रही कि स्कॉटलैंड के बल्लेबाज संभलने का कोई मौका ही नहीं पा सके। उनकी हैट्रिक ओवर न केवल तकनीकी रूप से बेहतरीन रहा, बल्कि मानसिक रूप से भी स्कॉटिश खिलाड़ियों पर भारी पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में यह पहली हैट्रिक है और इस उपलब्धि के साथ शेपर्ड टूर्नामेंट के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं।

# सूर्यकुमार के एक फोन से मुझे टीम में जगह मिलने की बात पता चली : सिराज




मुम्बई। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले ही मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद सिराज बेहद खुश हैं। सिराज को पहले विश्वकप के लिए शामिल नहीं किया गया था पर हर्षित राणा के चोटिल होकर बाहर होने से उन्हें अंतिम समय पर टीम में जगह मिल गयी। सिराज का कहना है कि वह परिवार के साथ समय बिताने की योजना बना रहे थे तभी उनके पास कप्तान सूर्यकुमार यादव का फोन आता जिससे वह उन्हें तत्काल वापस आकर टीम से जुड़ने को कहते हैं। सिराज ने पहले मैच के बाद खुलासा किया है कि कप्तान के फोन से उन्हें टीम में जगह मिलने की बात पता चली।

सिराज ने इस मैच में 4 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले सिराज ने भारत के लिए आखिरी टी20 2024 में खेला था। सिराज ने मैच के बाद कहा, मेर योजना 15 तारीख को रियल मैड्रिड का मैच देखने की थी।

उसके बाद रमजान आने वाला था, इसलिए मैंने उसी हिसाब से योजना बनायी थी पर जो ऊपर वाले ने लिखा है, वही होगा। सिराज ने कहा कि टीम के साथ बैठना एक सपने जैसा लग रहा था क्योंकि उन्हें लगा था कि वह टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगे क्योंकि पिछले एक साल में उन्हें इस प्रारुप में खेलने का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने साथ ही कहा, लेकिन भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी। कुछ समय पहले मैं अपने परिवार के साथ समय बिता रहा था। मैच से दो दिन पहले अचानक सूर्या भाई का मेरे पास कॉल आया। उन्होंने कहा, 'तैयार हो जाओ और आ जाओ', और मैंने उनसे कहा 'मजाक मत करो'। उन्होंने कहा कि वह सच कह रहे हैं। यह मेरे लिए हैरान करने वाली खबर थी, भगवान ने यह सब लिखा था, कोई इसे बदल नहीं सकता, इससे बड़ा कुछ नहीं है।

